# अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़

## जंगल में छिपाकर रखी थीं 15 बाइकें, पुलिस ने की कार्रवाई

**देवास, 18 जुलाई. सतवास पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है. पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जंगल, झाड़ियों और नालों में छिपाकर रखी गई 15 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये बताई जा रही है.**



एएसपी जैन ने बताया कि 10 जुलाई को सतवास के हाट बाजार क्षेत्र से एक मोटरसाइकिल चोरी की गई थी. पुलिस सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर की सूचना के आधार पर 17 जुलाई को मुहाई जागीर फाटा से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुकराम उर्फ कालू (31 वर्ष) और मकराम डोडवे (25 वर्ष), निवासी बजरंगगढ़, थाना बागली, जिला देवास के रूप में हुई है. पूछताछ में दोनों ने अंतर्राज्यीय गिरोह से जुड़े होने की बात कबूली और विभिन्न जिले देवास, इंदौर, बड़वानी, कांटाफोड़, खातेगांव आदि से मोटरसाइकिलें चोरी करने की जानकारी दी. पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल, पहाड़ियों, और नदी-नालों में छिपाकर रखी गई कुल 15 चोरी की बाइकें बरामद की हैं. इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी बीडी बीरा, प्रधान आरक्षक राकेश रजक, आरक्षक लोकेश मंजरिया, मिथुन कुशवाह, दिनेश शर्मा, विपिन शर्मा, देवराज वास्कले की सराहनीय भूमिका रही. एएसपी जैन ने बताया कि देवास जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोहों पर लगातार नजर रखी जा रही है.

### बाइक चोर गिरोह के 3 नाबालिग गिरफ्तार

**चितरंगी.** चितरंगी पुलिस ने बाईक चोर गिरोह का भंडोफोड़ करते हुये 3 बालअपचारियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब सवा 6 लाख कीमत के आधा दर्जन मोटरसाइकिलों को बरामद करने में सफलता हासिल की है. गिरफ्तार बालअपचारी तेलगवां जमोड़ी सीधी एवं नौगई पिपरहवा के निवासी हैं. चितरंगी थाना प्रभारी टीआई सुधेश तिवारी ने बताया कि मोटरसाइकिलों के चोरी की घटना की सूचना लगातार मिल रही थी. सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेजो को खंगालने एवं अवलोकन करने के लिए एएसपी अभिषेक रंजन एवं एसडीओपी राहुल सैयाम के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम गठित करते हुये मुखबिरो को सतर्क किया. बीते दिन पुलिस ने 3 संदेही बालकों से पूछतांछ की, जहां तीनों नाबालिकों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया. उनसे आधा दर्जन बाइकें भी जब्त की गई .यह बाइक चुराकर बेच देते थे. बाइक खरीदने वाले मकरन्द यादव बरवाटोला थाना बरगवा, पृथ्वीराज सिंह गोड़, रावेन्द्र यादव धवई हाल चितरंगी शामिल हैं. पुलिस ने इन्हें भी आरोपी बनाया है.



# जनपद कार्यालय में तोड़फोड़

## जनपद सीईओ ने उपाध्यक्ष पर लगाया आरोप

**नवभारत, न्यूज**

**पटेरा/दमोह.जनपद पंचायत पटेरा में गुरुवार शाम हुई तोड़फोड़ के मामले में जनपद पंचायत पटेरा के उपाध्यक्ष राजेश कुर्मी पर आरोप लगा है.**

प्रभारी जनपद सीईओ हलदार मिश्रा ने जनपद के कर्मचारियों के साथ पटेरा पुलिस थाना में इसकी शिकायत दर्ज कराई है, अब पुलिस इस मामले की जांच कर रही है.प्रभारी जनपद सीईओ हलधर प्रसाद मिश्रा ने बताया कि गुरुवार शाम 5 बजे तक वह पटेरा कार्यालय में थे.शाम को 6:30 बजे दमोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग थी, जिसमें मुझे शामिल होना था. इसलिए मैं दमोह पहुंच गया. शाम करीब 6:30 बजे मुझे फोन आया कि जनपद उपाध्यक्ष राजेश कर्मी अपने कुछ साथियों के साथ कार्यालय में पहुंचे हैं और कार्यालय में तोड़फोड़ कर रहे हैं उन्होंने टेबल, कुर्सी, दरवाजे, नेम प्लेट, शिकायत पेटी, मेरे कार्यालय में कांच वगैरह सब तोड़ दिए.उन्होंने ऐसा क्यों किया इसकी जानकारी नहीं है. जनपद पंचायत सीईओ और किसी भी कर्मचारी को नहीं है. घटना के बाद से कर्मचारी दहशत में है और इसलिए हमने पुलिस में शिकायत की है,ताकि इस मामले में कार्रवाई हो.

शुक्रवार दोपहर करीब 2:30 बजे जनपद सीईओ अन्य कर्मचारी, पटेरा थाने पहुंचे. जहां पर पुलिस कर्मचारियों के बयान दर्ज किये पटेरा टीआई सरोज सिंह का कहना है कि मामले में शिकायत ले ली गई है और इसकी जांच के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी. अभी आवेदन के आधार

### पुलिस करेगी खुलासा

वहीं कानाफूसी इस बात विवाद के लिए एक वजह यह भी बता रही है कि इसके पहले पटेरा जनपद सीईओ का प्रभार आरईएस एसडीओ अनुग्रह सिंह के पास था. उनका स्थानांतरण होने के बाद जगह खाली थी .जनपद उपाध्यक्ष कुर्मी, आरईएस ईई मनोज गुप्ता की जनपद सीईओ का चार्ज दिलाना चाहते थे, लेकिन जनपद अध्यक्ष व सदस्य दमोह जनपद सीईओ हलधर प्रसाद मिश्रा को पटेरा का प्रभार दिलाने पर सहमत थे और हुआ भी यही की मिश्रा को यहां का चार्ज मिल गया और इसी कारण जनपद उपाध्यक्ष नाराज थे .कार्यालय में तोड़फोड़ के आरोप में कितनी सच्चाई है, इसका खुलासा पुलिस करेगी.

# मां नर्मदा के तट पर न्यायदान के लिए भगवान ने चुना

## मप्र हाईकोर्ट के 29 वें चीफ जस्टिस के रूप में सचदेवा ने ग्रहण किया पदभार

**जबलपुर,18 जुलाई. मप्र हाई कोर्ट के 29 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शुक्रवार को जस्टिस संजीव सचदेवा ने पदभार ग्रहण किया. गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल से शपथ ग्रहण करने के बाद शुक्रवार की सुबह उनका जबलपुर आगमन हुआ.**



इस दौरान हाईकोर्ट परिसर में उन्हें गार्ड आफ ऑनर दिया गया. रजिस्ट्री के अधिकारियों - कर्मचारियों ने भावभीना स्वागत किया. इसके बाद साढ़े 10 बजे कोर्ट रूम नंबर एक में उनके सम्मान में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित हुआ. इस दौरान मुख्य न्यायाधीश सचदेवा ने कहा कि मां यमुना के तट पर स्थित नई दिल्ली हाईकोर्ट से मां नर्मदा के तट जबलपुर में स्थित मप्र हाईकोर्ट पहुंचा हूं. महाकाल भगवान के आशीर्वाद से न्यायदान का महत्वपूर्ण दायित्व मिला है, जिसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाने कृत-संकल्प हूं. चीफ जस्टिस श्री सचदेवा ने कहा कि बार और बेंच न्याय रथ के दो समानांतर पहिए हैं, जिनके समन्वय से ही न्यायदान प्रक्रिया अपेक्षाकृत बेहतर गति पकड़ती है. जाहिर तौर पर बार ही बेंच की जननी है और एक मजबूत बार ही मजबूर बेंच का आधार बनती है. उन्होंने कहा कि मप्र हाई कोर्ट में वर्तमान में कई चुनौतियां हैं. इनमें से सर्वाधिक बड़ी चुनौती चार लाख से अधिक लंबित मुकदमों का भारी बोझ है.

### अधिक बेंच गठित करने पर जोर

हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश अतुल श्रीधरन ने प्रारंभ में स्वागत भाषण प्रस्तुत किया. इसके बाद क्रमश: महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, स्टेट बार चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, हाई कोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल के महासचिव आदित्य अधिकारी ने सीजे सचदेवा के व्यक्तित्व- कृतित्व को रेखांकित किया. हाईकोर्ट बार अध्यक्ष डीके जैन ने क्रिमनल मामलों की सुनवाई में आ रही परेशानी का उल्लेख करते हुए अधिक बेंच गठित करने पर बल दिया. साथ ही अधिवक्ताओं के लिए भोजन स्थल की सुविधा दिए जाने की मांग की.

# जयंत-शक्तिनगर मार्ग का 24 घंटे में गड्ढा भराई और मरम्मत

- नवभारत की खबर का असर
- नींद से जागा प्रशासन

**नवभारत न्यूज**

**शक्तिनगर 18 जुलाई. रोड में गड्ढा या गड्ढे में रोड, इसी सवाल के साथ प्रकाशित हुई खबर का असर महज 24 घंटे में नजर आ गया. शक्तिनगर-जयंत मार्ग पर मैत्री द्वार के पास मुख्य सड़क पर बने डेढ़ फीट गहरे और छह फीट लंबे जानलेवा गड्ढे को आखिरकार भर दिया गया है.**

खबर प्रकाशित होने के बाद जिला अधिकारी सोनभद्र ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों और एनसीएल दुद्धिचुआ परियोजना प्रबंधन को निर्देश जारी किए. इसके बाद कुछ ही घंटों में मरम्मत कार्य शुरू हुआ और न सिर्फ गड्ढा भरा गया, बल्कि आसपास की टूटी सड़क को भी दुरुस्त कर दिया गया. स्थानीय नागरिकों और राहगीरों में इस त्वरित कार्रवाई से राहत की भावना देखी गई. महीनों से जिस समस्या को लेकर शिकायतें अनसुनी हो रही थीं, मीडिया में मामला आने के बाद जिम्मेदार तंत्र ने सक्रियता दिखाई. स्थानीय निवासी रामनरेश वर्मा व प्रमोद सिंह ने कहा अगर मीडिया आवाज न उठाता तो शायद यह गड्ढा ऐसे ही पड़ा रहता. हम सबको मिलकर सिस्टम को जगाना होगा.

# 160 नशीले इंजेक्शन के साथ 2 गिरफ्तार



**जबलपुर,18 जुलाई. क्राईम ब्रांच एवं पनागर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर नशीले इंजेक्शन के कारोबार में दो सौदागरों को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से 160 नशीले इंजैक्शन एवं एक्टिवा जप्त किए गए.**

थाना प्रभारी पनागर विपिन ताम्रकार ने बताया कि रात्रि क्राईम ब्रांच एवं थाना पनागर की संयुक्त टीम द्वारा उर्दुआ मोड़ में वाहन चैकिंग के दौरान घेराबंदी की. एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसई 3622 के चालक सचिन उर्फ राहुल पिता मुकेश पटेल 25 वर्ष निवासी परियट पनागर एवं पीछे बैठे गुड्डू उर्फ पुरूषोत्तम काछी पिता मिठाईलाल काछी उम्र 44 वर्ष निवासी जयप्रकाश नगर अधारताल को पकड़ा.

तलाशी लेने पर एक्टिवा में सफेद रंग की नायलोन के थैले में प्रतिबंधित फेनेरमाईन मेलियेट 80 एवं ब्यूप्रेनार्फिन 80 इंजेक्शन रखे मिले, उक्त प्रतिबंधित इंजेक्शन के संबंध में पूछताछ करने पर दीपक जैन पिता नरेश जैन निवासी गुरूनानक वार्ड पनागर से खरीदना एवं दीपक जैन से नशीले इंजेक्शन खरीदने पर दीपक जैन के द्वारा शुभम मोटा के द्वारा इंजेक्शन भेजना बताये, आरोपी सचिन उर्फ राहुल पटैल एवं गुड्डू उर्फ पुरूषोत्तम काछी के संयुक्त कब्जे से फेनेरमाईन मेलियेट 80 नग एवं ब्यूप्रेनार्फिन 80 प्रतिबंधित इंजेक्शन तथा घटना में प्रयुक्त एक्टिवा क्रमांक एमपी 20 एसई 3622 जप्त करते हुये चारों आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट एवं ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही की गई.

उल्लेखनीय है कि पकडे गये दोनों आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के हैं गुड्डू उर्फ पुरोषोत्तम के विरूद्ध ड्रग कंटोल एक्ट मारपीट चोरी के 7 अपराध तथा सचिन के विरूद्ध ड्रग कंटोल एक्ट, आर्म्स एक्ट, छेडछाड, मारपीट चोरी के 7 अपराध दर्ज है.

# सरकारी अस्पताल में जन्मा 5 किलो 430 ग्राम शिशु

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर,18 जुलाई. पीसी सेठी अस्पताल में उस समय अनूठा रिकॉर्ड बना जब एक हाईरिस्क महिला ने ऑपरेशन से 5 किलो 430 ग्राम के नवजात को जन्म दिया. यह मध्यप्रदेश में अब तक किसी भी सरकारी अस्पताल में जन्मा सबसे वजनी शिशु माना जा रहा है. जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं.**



स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कोमल विजयवर्गीय ने बताया कि इससे पहले मण्डला में 5 किलो 100 ग्राम वजन वाले बच्चे का जन्म हुआ था, लेकिन इंदौर की यह डिलीवरी अब राज्य में सबसे अधिक वजन के नवजात के रूप में दर्ज की गई है. उन्होंने यह भी बताया कि महिला की हालत काफी नाजुक थी, उसे उच्च रक्तचाप, अत्यधिक वजन और गर्भावस्था की अवधि बढ़ने जैसी कई जटिलताएं थीं, ऐसे में सामान्य प्रसव की कोई संभावना नहीं थी. एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. सुनीता की टीम ने ऑपरेशन सफलतापूर्वक करवाया.

# नशे में धुत कंटेनर ने मारी टक्कर, 2 की मौत

## लाइव वीडियो ने खोली घटना की पोल, जांच शुरू

**सिवनी,18 जुलाई. कुरई थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. रुखड़ गांव के पास नशे में धुत एक कंटेनर चालक ने तेज रफ्तार से एक यात्री वाहन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे 2 लोगों की मौत हो गई और 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए.**



इस भयानक हादसे का लाइव वीडियो सामने आया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो ने नशे में गाड़ी चलाने की खतरनाक सच्चाई को सबके सामने ला दिया है. घटना शुक्रवार की शाम को हुई, जब रुखड़ गांव के पास नेशनल हाईवे पर एक सवारी वाहन सड़क किनारे खड़ा था. तभी एक तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर सवारी वाहन से जा टकराया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि सवारी वाहन के परखच्चे उड़ गए. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कंटेनर सड़क पर लहराते हुए आ रहा था और ड्राइवर का गाड़ी पर कोई नियंत्रण नहीं था. घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है. कुछ घायलों को बेहतर इलाज के लिए नागपुर रेफर किया गया है. इस हादसे की सबसे हैरान करने वाली बात ये है कि पूरी घटना एक अन्य ट्रक ड्राइवर ने अपने डैशकैम में कैद कर ली. ये लाइव वीडियो वायरल हो रहा है.

# तेंदुए ने फिर किया गाय का शिकार, ग्रामीणों में दहशत

- तेंदुआ लगातार जानवरों का शिकार कर रहा है
- मामले में वन विभाग अलर्ट मोड में है

**परासिया, 18 जुलाई. पश्चिम वन परिक्षेत्र परासिया के शंकरपुर बाघबर्दिया और भोकई बीट में तेंदुए की लगातार उपस्थिति से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है. बीते दिन भोकई वन क्षेत्र में तेंदुए द्वारा एक महिला का शिकार करने के बाद तेंदुआ लगातार जानवरों का शिकार कर रहा है.**

शुक्रवार को शंकरपुर वन ग्राम के बीट कार्यालय के समीप तेंदुए ने एक गाय का शिकार किया.सूचना पर मौके पर पहुंचे वन हमले को घटनास्थल के आसपास तेंदुए की उपस्थिति के पगमार्क मिले हैं, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि क्षेत्र में तेंदुए की दस्तक लगातार हो रही है. मामले में वन विभाग अलर्ट मोड में है.

बीते दिनों वन परिक्षेत्र परासिया के ग्राम भोकई में तेंदुए ने खेत में काम कर रही एक महिला का शिकार किया था. इसके बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार गस्त कर रही है.

# यादव समाज ने किया ब्राह्मणों का बहिष्कार

**भिंड, 18 जुलाई. भिंड जिले में जब एक यादव परिवार ने त्रयोदशी भोज में ब्राह्मणों को आमंत्रित किया तो यादव समाज की पंचायत ने भोज का बहिष्कार कर दिया. भिंड जिले में यादव समाज के लोगों ने फैसला किया कि ब्राह्मणों से कर्मकांड नहीं कराएंगे.**



यदि कोई यादव परिवार ब्राह्मणों से पूजा कराता है तो उसका समाज से बहिष्कार किया जाएगा. पंचायत में यादव समाज के लोग शामिल हुए.पंचायत में तय हुआ कि समाज के युवा से ही कर्मकांड कराएंगे. जिले के मौ कस्बे में रहने वाले कमल यादव की मां रामदेवी का निधन हो गया था. परिवार ने शांति भोज रखा गया, जिसमें 13 ब्राह्मणों को भोज कराने की व्यवस्था की गई. इससे पहले पंचायत हुई. तय हुआ कि अब समाज के युवाओं से ही कर्मकांड कराएंगे. जब समाज के लोगों को कमल यादव के यहां के भोज का पता चला तो उन्होंने इसका बहिष्कार कर दिया. कमल यादव ने समाज के फैसले को मानने से इनकार करते हुए कहा, मैं कुल पुरोहित से ही अंतिम संस्कार कराता आया हूं. मैंने भोज की तैयारी पहले ही कर ली थी.

पंचायत की जानकारी मुझे नहीं दी गई. पंचायत में मौजूद रहे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने यादव कथावाचकों का अपमान किया है.

### अश्लील तस्वीर वायरल पर सचिव निलंबित

**रीवा.** जिले के जवा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत कोनी कला के पंचायत सचिव शिवभूषण द्विवेदी को जिला पंचायत सीईओ ने अश्लील तस्वीर वायरल होने से निलंबित कर दिया है. बता दें कि विगत दिनों पहले ग्राम पंचायत कोनी कला के सचिव की नशे की हालत में अश्लील तस्वीर सोसल मीडिया में वॉयरल हो रही थी जिसको ज़िला पंचायत सीईओ ने संज्ञान में लेते हुऐ सचिव को निलंबित कर जवा जनपद अटैच कर दिया है. सचिव का यह कृत्य मध्य प्रदेश पंचायत सेवा आचरण नियम कदाचरण की श्रेणी में आता है जो दंडनीय अपराध है इस लिए जवा जनपद के पंचायत सचिव को मध्य प्रदेश सेवा नियम 1999 के प्रावधान के तहत निलंबित किया जाता है.



# 3 डंपर जब्त, 9 .5 लाख का जुर्माना

**ग्वालियर,18 जुलाई. जिले में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की गई है. इस दौरान खनिज गिट्टी से भरे दो डंपर ग्राम बिलौआ में और एक डंपर सिरोल थाना क्षेत्र में पकड़े गए, जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में खड़ा कर लिया गया है.**

पकड़े गए तीनों वाहनों पर मध्यप्रदेश अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम 2022 के अंतर्गत कार्रवाई की गई है. इस संयुक्त कार्रवाई में सहायक खनिज अधिकारी राजेश कुमार गंगेले एवं घनश्याम यादव ने पुलिस बल के साथ मिलकर कार्यवाही की. इन डंपरों पर लगभग 9,50,000 रूपये से अधिक की अर्थदंड राशि प्रस्तावित की जाएगी. खनिज विभाग द्वारा यह अभियान सतत जारी रहेगा ताकि जिले में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके.

**आत्महत्या** ▶ बरगवां थाना क्षेत्र के खेखड़ा गांव की घटना

# हाई टेंशन टावर में प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 18 जुलाई. जिले के बरगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत खेखड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह हाई टेंशन टावर पर युवक-युवती एक फंदा झूल गए.**

इस घटना से गांव में हड़कंप मच गया. मौके पर पहुंची बरगवां पुलिस ने फंदे से दोनों को उतरवाया और मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ले लिया है. फिलहाल पुलिस इस घटना को प्रेम प्रसंग मान रही है. खेखड़ा गांव के विनोद केवट पिता शंकरलाल केवट उम्र 23 वर्ष और मधु केवट पिता प्रहलाद केवट उम्र 19 वर्ष दोनों एक ही गांव के निवासी हैं. सुबह दोनों को एक ही फंदे झूलते देख हर कोई हतप्रभ रह गया कि आखिर ऐसी क्या बात थी कि दोनों ने एक एक ही फंदे में फांसी लगा ली. विनोद केवट का विवाह कुछ वर्ष पूर्व हो गया था, आखिर उसने एक साथ फांसी क्यों लगाई.

स्थानीय व पुलिस के बातों पर गौर करें तो दोनों युवक-युवती प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा था. इसी बीच में युवक का विवाह हो गया, लेकिन दिल तो कहीं दूसरी जगह था. इसलिए साथ मरने की सोच कर बीती रात्रि फांसी के फंदे पर झूल कर मौत को गले लगा लिया है. इस घटना से गांव में जहां हड़कंप मचा है, वहीं लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं. फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी हुई है. टीआई राकेश साहू ने बताया कि युवक व युवती ने टावर में फांसी लगाकर आत्महत्या किया है. प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला लग रहा है.

### पड़ोसी युवक से परेशान युवती ने किया सुसाइड

**ग्वालियर.** पुरानी छावनी के गंगा मालनपुर में रहने वाली एक युवती पड़ोस में रहने वाले युवक से इतनी परेशान हो गई कि उसने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. युवती ने पुरानी छावनी थाने में आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत की थी, लेकिन पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने की बजाय आरोपी और उसके परिजनों को थाने बुलाकर दबाव डालकर समझौता करा दिया. यह समझौता पत्र अब सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है. खुलासा हुआ है कि समझौते से दुखी युवती उसी दिन मानसिक प्रताड़ना के चलते रेलवे ट्रैक पर जाकर आत्महत्या के लिए लेट गई थी, लेकिन उसकी मां समय पर पहुंच गई और उसे बचा लिया. तभी से युवती ने ठान लिया था कि मनीष कुशवाह की प्रताड़ना का अंत वह अपनी जान देकर करेगी. परिजन का आरोप है कि पुलिस ने भरोसा दिलाया था कि युवक उसे परेशान नहीं करेगा.

### एनसीसी अधिकारी बताकर 1 लाख 25 हजार हड़पे

**जबलपुर.** स्वयं को एनसीसी अधिकारी बताकर 1 लाख 25 हजार हड़पने वाले के खिलाफ रांझी पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया कि डा. अलोक कुमार घोष 80 वर्ष निवासी तुलसी नगर मानेगांव थाना रांझी ने लिखित शिकायत की कि उसके मोबाईल नंबर पर 2 मोबाईल नंबरों से फोन आया, जिसने अपना नाम सतीश कुमार बताया और कहा कि वह एन सी सी का अधिकारी है. इसके बाद उक्त व्यक्ति ने उससे एनसीसी स्टूडेन्ट के मेडीकल परीक्षण के लिए मदद मांगी. जिसके लिये उसके द्वारा बिना किसी फीस के हां कर दिया गया किन्तु उसके बाद उक्त व्यक्ति ने कहा कि नियम के मुताबिक आपको 49 रूपये फीस लेनी पड़ेगी.

# भाजपा नेता श्यामलाल धाकड़ की हत्या

- घर में धारदार हथियार से किया गया वार, पुलिस जांच में जुटी
- डिप्टी सीएम देवड़ा ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

**मंदसौर, 18 जुलाई. जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगोरिया बड़ा में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष श्यामलाल धाकड़ ( 45 वर्ष ) की बीती रात उनके ही घर में धारदार हथियार से हत्या कर दी गई.**



यह जघन्य वारदात गुरुवार रात की है, जब धाकड़ अपने घर की दूसरी मंज़िल पर सो रहे थे. सुबह उनका शव खून से लथपथ अवस्था में परिवार वालों को मिला, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलते ही नाहरगढ़ थाना प्रभारी प्रभात सिंह गौड़ सहित एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की. प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि हमला बेहद सुनियोजित तरीके से किया गया है.

मृतक श्यामलाल धाकड़ भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता थे और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के निकटवर्ती माने जाते थे. उनकी लोकप्रियता और सामाजिक सक्रियता के चलते गांव व आसपास के क्षेत्र में उनका विशेष प्रभाव था. घटना के बाद डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा ने इस हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन को दोषियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं.

उन्होंने कहा कि श्यामलाल धाकड़ की हत्या दुखद और निंदनीय है. सरकार पूरी संवेदनशीलता से जांच कर रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा. गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल है. लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दी जाए.